प्रतिवेदन (Report)

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस हर साल 21 फ़रवरी को मनाया जाता है. इसकी शुरुआत यूनेस्को ने साल 1999 में की थी. भाषाओं के प्रति प्यार और सम्मान, भाषाई विविधता को बढ़ावा देना और भाषाओं को संरक्षित करना इसका मकसद है ।. ।

भाषा मानव जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भाषा के माध्यम से एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के साथ विचारों का आदान-प्रदान करता है। दुनिया भर के कई देशों, राज्यों, कस्बों और क्षेत्रों में अलग-अलग भाषाएँ बोली जाती हैं। कहीं भाषा का अंदाज अलग है तो कहीं बातचीत का लहजा अलग है। इसके बावजूद हर भाषा लोगों से संवाद करने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। भाषा वह डोर है जो सभी को एक साथ बांधती है। इस बंधन को मजबूत करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है।

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' के उपलक्ष में श्यामलाल कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) के राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हिंदी विभाग एवं द्वारा आयोजित व्याख्यान एवं निबंध प्रतियोगिता में छात्रों , कर्मचारी और शिक्षक वर्ग ने शानदार भागीदारी की.

🔷 विषय: लोकभाषाएं और हिंदी

🔷 विशेष वक्ता: डॉ. सत्य प्रिय पाण्डेय (हिंदी विभाग) व डॉ. विनोद कुमार (वाणिज्य विभाग), डॉ जसवीर, डॉ राजकुमार, डॉ रमेश बर्णवाल, डॉ समरेंद्र कुमार

इस व्याख्यान में मातृभाषा के महत्व पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

मातृभाषा सिर्फ संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सोच और पहचान का प्रतीक भी है। यह छात्रों के संपूर्ण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, क्योंकि मातृभाषा में शिक्षा से सोचने-समझने की क्षमता बेहतर होती है।

विशेष बात यह रही कि वक्ताओं ने अपने-अपने मातृभाषाओं में भी संवाद किया, जिससे छात्रों को मातृभाषा की वास्तविक ताकत का अनुभव हुआ। उन्होंने यह समझाया कि मातृभाषा सिर्फ भाषा नहीं, बल्कि भावनाओं, परंपराओं और ज्ञान का आधार है।

छात्रों ने भी इस विषय पर अपने विचार साझा किए और अपनी मातृभाषा से जुड़े अनुभवों को व्यक्त किया। इस कार्यक्रम ने भाषा प्रेमियों को अपनी जड़ों से जुड़ने और भाषाई विविधता का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बच्चों ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में भी भाग लिया। राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य और हिंदी विभाग के शिक्षक डॉ अवनीश मिश्र , रश्मिता साहू भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन डॉ समरेंद्र कुमार जी ने किया जो कि बहुत सुंदर रहा। राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयोजक डॉ. वी.के.बाजपेयी ने इस आयोजन की सफलता हेतु सभी वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन अत्यंत सफल रहा ।

SLC (University of Delhi)

Shyam Lal College

NAAC A++ & NIRF AIR 68th

श्यामलाल कॉलेज

राजभाषा कार्यान्वयन समिति

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस, 2025 पर विशेष आयोजन

व्याख्यान एवं निबंध प्रतियोगिता

विषय : लोकभाषाएं और हिन्दी

तिथि : 21 फरवरी, 2025 **स्थान : बोर्ड रूम**

समय 01:30

विशेष वक्ता

डॉ. सत्य प्रिय पाण्डेय(एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग)

डॉ. विनोद नेहरा(एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग, श्यामलाल कॉलेज)

संयोजक
वी.के. वाजपेयी(पुस्तकालय अध्यक्ष)

प्राचार्य
प्रो. रबि नारायण कर


SLC (University of Delhi)
Shyam Lal College
श्यामलाल कॉलेज
राजभाषा कार्यान्वयन समिति
रराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस, 2025 पर विशेष आयोजन
व्याख्यान एवं निबंध प्रतियोगिता
विषय : लोकभाषाएं और हिन्दी
, 2025
स्थान : बोर्ड रूम
समय
01:30
विशेष वक्ता
डॉ. सत्य प्रिय पाण्डेय(एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग)
नेहरा(एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग, श्यामलाल कॉलेज)
प्राचार्य
प्रो. रवि नारायण कर
तकालय अध्यक्ष)
SHYAM LAL COLLEGE
University of Delhi